वर्ष - 3 , अंक - 139
छपरा
21 अप्रैल मंगलवार
2026
पृष्ठ - 04

# दैनिक खोजखबर

खबरों की सच्चाई से रू-ब-रू

E-mail : dainikkhojkhabar@gmail.com
E-Paper
website : www.dainikkhojkhabar.live



## जम्मू के उधमपुर में सड़क हादसा

# तेज रफ्तार बस का टायर फटा, 100 फीट नीचे गिरी 21 की मौत

### यात्री बोले- , ड्राइवर कंट्रोल नहीं कर सका

**उधमपुर,एजेंसी।** जम्मू के उधमपुर में सोमवार सुबह एक बस हादसे का शिकार हो गई। रामनगर से आ रही बस कगोत के पास सड़क से करीब 100 फीट नीचे गिरकर पलट गई। न्यूज एजेंसी PTI के मुताबिक इस हादसे में 21 लोगों की मौत हो गई, जबकि 29 से ज्यादा यात्री घायल हो गए।

घायलों के मुताबिक बस ओवरलोड थी, रफ्तार भी तेज थी। कगोत नाले के पास अचानक बस का टायर फट गया। इससे ड्राइवर उसे कंट्रोल नहीं कर सका। और बस सड़क से नीचे गिर गई। हादसे में बस का ऊपरी हिस्सा पूरी तरह नष्ट हो गया है।

केंद्रीय मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट पर बताया कि हादसे का शिकार हुई बस पब्लिक ट्रांसपोर्ट की थी। घायलों का इलाज GMC ऊधमपुर में किया जा रहा है।



### पीएम मोदी ने जताया शोक

भीषण बस हादसे में 20 लोगों की मौत और 20 से ज्यादा लोगों के घायल होने पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, उपराज्यपाल मनोज सिन्हा और मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने गहरा शोक व्यक्त किया है। प्रधानमंत्री ने मृतकों के परिजनों के प्रति संवेदना जताते हुए घायलों के जल्द स्वस्थ होने की कामना की है। साथ ही उन्होंने घोषणा की है कि प्रधानमंत्री राष्ट्रीय राहत कोष (पीएमएनआरएफ) से प्रत्येक मृतक के परिजनों को 2 लाख और घायलों को 50 हजार की सहायता दी जाएगी। उपराज्यपाल मनोज सिन्हा और मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने भी हादसे पर दुख जताते हुए प्रशासन को राहत और बचाव कार्य तेज करने और प्रभावित लोगों को हर संभव सहायता उपलब्ध कराने के निर्देश दिए हैं।

इस दुखद घटना पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने गहरा शोक व्यक्त किया राष्ट्रपति मुर्मू ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर पोस्ट करते हुए कहा कि वह इस हादसे में हुई जानमाल की क्षति से अत्यंत दुखी हैं। उन्होंने मृतकों के परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त की और घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की।

### यात्री बोले- बस तेज रफ्तार में थी, टायर फटने से कंट्रोल छूटा

हादसे वाली जगह पर मौजूद लोगों ने बताया कि हादसे की वजह बस का ओवरलोड और तेज रफ्तार होना था। घायल यात्रियों से पूछा गया तो वे बोले कि ड्राइवर बहुत तेज बस चला रहा था। बस का टायर फटने से वह स्पीड कंट्रोल नहीं कर सका। जिसके कारण वह करीब 100 मीटर की ऊंचाई से गिर गई।

### बस की चपेट में ऑटो भी आया

बस नीचे सड़क पर उलटी गिरने से पहले एक ऑटो-रिक्शा को कुचलती हुई गई। अधिकारियों ने बताया कि ऑटो-रिक्शा में सवार लोगों को चोटें आईं, लेकिन वे बच गए। हादसे के बाद उसी रास्ते से गुजर रहे सेना के एक काफिले ने बचाव अभियान की कमान संभाली। बाद में एक हाइड्रोलिक क्रेन की मदद से गाड़ी को सीधा किया गया।

## मणिपुर में प्रदर्शनकारियों-सुरक्षा बलों में झड़प, आंसू गैस छोड़ी

### मशाल रैली रोकने पर टकराव हुआ; सगोलबंद हिंसा में 21 गिरफ्तार




**इंफाल,एजेंसी।** मणिपुर में शटडाउन के बीच रविवार रात कई इलाकों में प्रदर्शन हुए। इंफाल ईस्ट के कोईरेंगेई, इंफाल वेस्ट के उरिपोक और कक्चिंग जिले में मशाल रैलियां निकाली गईं। कक्चिंग में प्रदर्शनकारियों और सुरक्षा बलों के बीच झड़प हुई।

भीड़ को हटाने के लिए सुरक्षा बलों ने आंसू गैस, स्मोक बम और स्टन ग्रेनेड का इस्तेमाल किया। प्रदर्शनकारियों ने पथराव किया। झड़प में कई लोग घायल हुए, जिन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

दरअसल, 6 अप्रैल को ट्रोंग्लाओबी आवांग लेइकाई एक घर पर बम धमाके में दो बच्चों की मौत हुई थी। इन्हीं के न्याय के लिए प्रदर्शन हो रहे है। हालात को काबू में करने के लिए रैपिड एक्शन फोर्स (RAF) तैनात की गई।

**पुलिस बोली- रैलियों की आड़ में हमले**

इंफाल वेस्ट के एसपी शिवकांत सिंह ने कहा कि हाल के प्रदर्शनों में कुछ असामाजिक तत्व रैलियों का फायदा उठाकर सुरक्षाबलों पर हमला कर रहे हैं।

उन्होंने बताया कि हमलों में लोहे के प्रोजेक्टाइल, गुलेल, पत्थर और पेट्रोल बम का इस्तेमाल किया गया। कई लोग नशे की हालत में भी पाए गए। ऐसे लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

**सगोलबंद हिंसा में 21 गिरफ्तार**

पुलिस ने 18 अप्रैल को पातसोई से सगोलबंद के बीच इम्फाल-जिरीबाम रोड पर निकाली गई मशाल रैली के दौरान हुई हिंसा के मामले में 21 लोगों को गिरफ्तार किया है।

## चारधाम यात्रा के पहले ही दिन 2 श्रद्धालुओं की मौत

# यमुनोत्री की चढ़ाई के दौरान बुजुर्ग की सांस फूली, महिला घोड़े से गिरी



**उत्तरकाशी,एजेंसी।** उत्तराखंड में चारधाम यात्रा के पहले ही दिन दो श्रद्धालुओं की मौत हो गई। दोनों घटनाएं उत्तरकाशी जिले में यमुनोत्री धाम मार्ग पर हुई।मध्य प्रदेश से अपने पति के साथ यात्रा पर आई एक महिला की घोड़े से गिरने के कारण मौत हो गई। बताया जा रहा है कि गिरने से महिला के सिर पर गंभीर चोट लगी। उसे तुरंत अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने 'ब्रॉट डेड' घोषित कर दिया।वहीं, महाराष्ट्र से आए एक बुजुर्ग श्रद्धालु की पैदल चढ़ाई के दौरान अचानक तबीयत बिगड़ गई। चढ़ाई करते समय उन्हें सांस लेने में गंभीर दिक्कत हुई। परिजन और प्रशासन की मदद से उन्हें तुरंत जानकीचट्टी स्थित अस्पताल पहुंचाया गया, लेकिन डॉक्टर उन्हें बचा नहीं सके।अस्पताल के चिकित्सक डॉ. हरदेव सिंह के अनुसार, प्रारंभिक जांच में बुजुर्ग की मौत का कारण सांस संबंधी बीमारी और ऊंचाई पर ऑक्सीजन की कमी माना जा रहा है।

### नासिक से आए बुजुर्ग के साथी यमुनोत्री यात्रा पर निकले

पुलिस अधिकारी एसआई राजेश कुमार ने बताया कि पहले मृतक के साथ आए अन्य यात्री दर्शन के लिए आगे बढ़ गए हैं। मृतक की पहचान नासिक, महाराष्ट्र निवासी 67 वर्षीय उदम ताम्बे के तौर पर हुई है। डी.जी.पी. नगर निवासी गजानन्द ताम्बे के पुत्र उदम ताम्बे की तबीयत जानकीचट्टी के पास अचानक बिगड़ी, जिसे अस्पताल ले जाने पर डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया।प्राथमिक जानकारी के अनुसार, उनकी मृत्यु का कारण हाई ब्लड प्रेशर (BP) संबंधी समस्या बताया जा रहा है, जिसकी आधिकारिक सूचना पीएचसी (प्राइमरी हेल्थ सेंटर) जानकीचट्टी द्वारा पुलिस चौकी को दे दी गई है।इंदौर की रहने वाली थी महिलायमुनोत्री पैदल मार्ग पर हादसे का शिकार हुई महिला की पहचान 40 वर्षीय प्रतिमा मिश्रा के रूप में हुई है, जो इंदौर, मध्य प्रदेश की रहने वाली थीं। वे इंदौर के सुखलिया क्षेत्र स्थित काशीपुरी कॉलोनी की निवासी थीं और अपने पति धर्मेन्द्र मिश्रा के साथ चारधाम यात्रा पर आई थीं।यात्रा के दौरान '19 कैंची' के पास घोड़े से गिरकर उनके सिर पर गंभीर चोट आई। उन्हें तत्काल इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें 'ब्रॉट डेड' (अस्पताल पहुंचने से पहले ही मौत) घोषित कर दिया।

## म.प्र.-राजस्थान समेत 7 राज्यों में लगातार चौथे दिन लू चली

### यूपी-ओडिशा में रातें भी गर्म; कोटा में सड़कों पर पानी का छिड़काव



**नई दिल्ली/ भोपाल/ जयपुर/लखनऊ,एजेंसी।** देश के कई हिस्सों में गर्मी का असर जारी है। राजस्थान, यूपी, मध्य प्रदेश, झारखंड, छत्तीसगढ़, ओडिशा, विदर्भ में लगातार चौथे दिन लू का कहर देखने मिल रहा है।

यहां कई जिलों में पारा 40डिग्री के पार पहुंच चुका है। उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में तापमान 44.6 और मध्य प्रदेश के नौगांव में पारा 44.3 डिग्री रहा।

हालांकि महाराष्ट्र के अकोला और वर्धा में तापमान सबसे ज्यादा 45डिग्री रिकॉर्ड किया गया। ये दोनों शहर रविवार को देश के सबसे गर्म शहर रहे।

राजस्थान के कोटा में दिन का तापमान 42 डिग्री रहा। तपती सड़कों को ठंडा करने के लिए नगर निगम ने टैंकरों से पानी का छिड़काव करवाया। इधर, जम्मू-कश्मीर के मैदानी इलाकों में बारिश, पहाड़ी इलाकों में बर्फबारी हुई। बर्फबारी के कारण मुगल रोड, श्रीनगर-कारगिल रोड और बांदीपोरा-गुरेज रोड समेत कई सड़कें बंद हैं।

वहीं, अरुणाचल, असम, मेघालय समेत पूर्वोत्तर के 7 राज्यों में आंधी-बारिश का अलर्ट है। गुवाहाटी में बारिश के कारण सड़कों पर पानी भर गया है।

# अमेरिका-शख्स ने अपने 7 बच्चों समेत 8 की हत्या की

### सभी की उम्र 1 से 11 साल थी; पत्नी को भी गोली मारी, हालत गंभीर



**लुइसियाना,एजेंसी।** अमेरिका के लुइसियाना राज्य के श्रेवेपोर्ट शहर में एक शख्स ने 8 बच्चों की गोली मारकर हत्या कर दी। पुलिस के मुताबिक इनमें से 7 उसके ही बच्चे थे। अमेरिका में इस साल की यह सबसे बड़ी मास शूटिंग की घटना मानी जा रही है। CNN के मुताबिक यह घटना रविवार सुबह 6 बजे (स्थानीय समय के मुताबिक) वेस्ट 79वीं स्ट्रीट के 300 ब्लॉक में हुई। आरोपी का नाम शमार एल्किंस (31 साल) है।

पुलिस ने बताया कि 7 बच्चों को घर के अंदर गोली मारी गई, जबकि एक बच्चे को छत पर गोली लगी, जब वह जान बचाने के लिए भागने की कोशिश कर रहा था। हमले में असॉल्ट-स्टाइल हथियार का इस्तेमाल किया गया।

## कर्नाटक में शर्मनाक कृत्य : हावेरी में तोड़ी गई बापू की प्रतिमा

### दोषियों को पकड़ने के लिए सीसीटीवी खंगाल रही पुलिस



**हावेरी,एजेंसी।** कर्नाटक के हावेरी शहर में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की प्रतिमा को क्षतिग्रस्त करने का मामला सामने आया है, जिससे इलाके में नाराजगी का माहौल बन गया है। यह घटना महात्मा गांधी रोड पर हुई, जहां कुछ अज्ञात लोगों ने रात के समय गांधी जी की मूर्ति को नुकसान पहुंचाया।

**हावेरी एसपी ने घटनास्थल का किया निरीक्षण**

घटना की जानकारी मिलते ही हावेरी की एसपी यशोदा वंतगोडी और शहर की पुलिस टीम मौके पर पहुंची और पूरे मामले का निरीक्षण किया। पुलिस ने करीब 2 फीट ऊंची इस क्षतिग्रस्त प्रतिमा को अपने कब्जे में लेकर थाने पहुंचा दिया है, ताकि आगे की जांच की जा सके।

**मामले में पुलिस ने दर्ज किया केस, लोगों में आक्रोश**

पुलिस ने इस मामले में केस दर्ज कर लिया है और आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है। जांच के लिए शहर के अलग-अलग इलाकों के सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं। हालांकि, जिस जगह पर यह घटना हुई, वहां का कैमरा बंद पाया गया, जिससे जांच में कुछ दिक्कत आ रही है। इस घटना को लेकर स्थानीय लोगों में काफी गुस्सा है। लोगों ने दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है और उम्मीद जताई है कि पुलिस जल्द ही आरोपियों को पकड़ लेगी।

## मुख मोहन भागवत ने संस्कृत को राष्ट्र की आत्मा बताया, कहा : लोगों को सीखनी चाहिए यह भाषा




**नई दिल्ली,एजेंसी।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के प्रमुख मोहन भागवत ने सोमवार को संस्कृत सीखने के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने इसे भारत की आत्मा और देश की सभ्यतागत निरंतरता के लिए जरूरी तत्व बताया। वे दिल्ली में संस्कृत भारती के केंद्रीय कार्यालय के उद्घाटन समारोह में बोल रहे थे। संस्कृत भारती एक ऐसी संस्था है जो संस्कृत को एक जीवंत और व्यापक रूप से प्रयुक्त भाषा के रूप में बढ़ावा देने के लिए समर्पित है। इस कार्यक्रम में संस्कृत को आधुनिक संचार माध्यम के रूप में उपयोग करने के लिए चल रहे प्रयासों पर प्रकाश डाला गया।

**संस्कृत राष्ट्र की आत्मा है-आरएसएस प्रमुख:**सभा को संबोधित करते हुए भागवत ने कहा,' संस्कृत एक भाषा है। फिर भी, यह मात्र एक भाषा नहीं है। भारत में, संस्कृत राष्ट्र की आत्मा है क्योंकि यह विचार, जीवन और संस्कृति की सबसे प्राचीन परंपरा है - एक ऐसी परंपरा जो आज भी जीवंत है - जो भारत में विद्यमान है।'

### अमेरिका का चीन से आ रहे ईरानी जहाज पर कब्जा

# होर्मुज पार करने की कोशिश कर रहा था, ईरान बोला- जल्द जवाब देंगे

**वॉशिंगटन डीसी/ तेहरान,एजेंसी।** अमेरिका ने ईरान के एक मालवाहक जहाज को अपने कब्जे में ले लिया है। राष्ट्रपति ट्रम्प के मुताबिक टॉस्का नामक यह जहाज होर्मुज स्ट्रेट को पार करने की कोशिश कर रहा था। इसे अमेरिकी डेस्ट्रॉयर स्स स्प्रूअन्स ने रोका।ट्रम्प के मुताबिक, जहाज ने चेतावनियों को नजरअंदाज किया, जिसके बाद अमेरिकी मरीन ने उसे रोक लिया। उन्होंने सोशल मीडिया पर लिखा, 'इस वक्त जहाज हमारे कब्जे में है। हम पूरी तरह इसे कंट्रोल में लेकर देख रहे हैं कि इसके अंदर क्या है।' दूसरी तरफ, ईरान के हजरत खातम अल-अनबिया सैन्य मुख्यालय ने कहा कि अमेरिका ने सीजफायर का उल्लंघन किया और ओमान की खाड़ी में ईरान के एक व्यापारिक जहाज पर फायरिंग की, जिससे उसका नेविगेशन सिस्टम खराब हो गया।



### ईरान जंग के बीच सऊदी अरब पहुंचे अजित डोभाल



भारत के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजित डोभाल सऊदी अरब गए हुए हैं। वहां उन्होंने सऊदी के विदेश मंत्री, ऊर्जा मंत्री और राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार से मुलाकात की। इस दौरान दोनों देशों के रिश्तों, मिडिल ईस्ट के हालात और आपसी हितों पर बात हुई। भारतीय दूतावास ने भी इसकी जानकारी दी है। डोभाल जब रियाद पहुंचे तो एयरपोर्ट पर भारत के राजदूत और सऊदी के एक वरिष्ठ अधिकारी ने उनका स्वागत किया।यह दौरा ऐसे वक्त हो रहा है जब अमेरिका और ईरान के बीच फिर से बातचीत की तैयारी चल रही है।

# पचपदरा रिफाइनरी में भीषण आग से बालोतरा में हड़कंप, पीएम मोदी आज करने वाले थे उद्घाटन

**बालोतरा,एजेंसी।**राजस्थान के बालोतरा जिले स्थित पचपदरा रिफाइनरी में सोमवार को अचानक भीषण आग लगने से हड़कंप मच गया। यह घटना ऐसे समय सामने आई है, जब अगले ही दिन 21 अप्रैल को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा रिफाइनरी के उद्घाटन का कार्यक्रम निर्धारित है। आग लगने की सूचना मिलते ही प्रशासन, सुरक्षा एजेंसियों और रिफाइनरी प्रबंधन में हलचल तेज हो गई।

**प्रोसेसिंग यूनिट में लगी आग**

प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, आग रिफाइनरी की एक प्रोसेसिंग यूनिट में लगी है। घटना के बाद परिसर में अफरातफरी का माहौल बन गया। आग किस कारण से लगी, इसका अभी तक स्पष्ट पता नहीं चल सका है। तकनीकी टीम और सुरक्षा एजेंसियां मौके पर पहुंचकर स्थिति का आकलन करने और कारणों की जांच में जुटी हुई हैं।



**दूर तक दिखाई दिया धुएं का गुबार**

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, आग काफी तेज थी और उसका घना धुआं करीब एक किलोमीटर दूर से भी साफ दिखाई दे रहा था। आग की तीव्रता को देखते हुए आसपास के क्षेत्र में चिंता का माहौल बन गया। धुएं का बड़ा गुबार आसमान में उठता दिखाई दिया, जिससे घटना की गंभीरता का अंदाजा लगाया जा सकता है।

### राहत और बचाव कार्य जारी

घटना की सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड की 20 से अधिक गाड़ियां मौके पर पहुंचीं। दमकल कर्मियों ने आग पर काबू पाने के लिए तुरंत मोर्चा संभाला। राहत और बचाव कार्य युद्धस्तर पर जारी है और लगातार प्रयास किए जा रहे हैं ताकि आग को अन्य यूनिटों तक फैलने से रोका जा सके।

### उद्घाटन कार्यक्रम पर पड़ सकता है असर

बताया जा रहा है कि 21 अप्रैल को सुबह करीब 11:30 बजे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा इस रिफाइनरी का औपचारिक उद्घाटन किया जाना था। ऐसे में आग लगने की इस घटना ने प्रशासन और प्रबंधन की चिंता बढ़ा दी है। माना जा रहा है कि इस हादसे का उद्घाटन कार्यक्रम पर भी असर पड़ सकता है।

## शराब तस्करी में पकड़ा गया नायब तरीका, पिकअप में गुप्त तहखाना से 960 बोतल विदेशी शराब बरामद

**दैनिक खोज खबर/सोनपुर।** मद्यनिषेध विभाग के सख्त अभियान के बीच सोनपुर में शराब तस्करी का एक बड़ा मामला सामने आया है। मद्यनिषेध थाना सोनपुर की टीम ने सोमवार सुबह शिववचन चौक के पास कार्रवाई करते हुए दो पिकअप वाहनों से भारी मात्रा में अवैध विदेशी शराब बरामद की। छापेमारी के दौरान पुलिस ने वाहन संख्या क्क्र01त्तत्त6778 और क्क्र01त्तत्त7726 को जब्त करते हुए कुल 172.80 लीटर (960 पीस) अवैध विदेशी शराब बरामद की। जांच में यह भी सामने आया कि तस्करों ने गिरफ्तारी से बचने और पुलिस को चकमा देने के लिए पिकअप के डाला में बेहद चालाकी से पतले-पतले 10-10 स्लाइडिंग गुप्त तहखाना बना रखे थे, जिनमें शराब छिपाकर ले जाई जा रही थी। इस कार्रवाई में पुलिस ने दो तस्करों–सफीक और ग्यासुद्दीन सलमानी–को गिरफ्तार किया है। दोनों आरोपी उत्तर प्रदेश के चंदौली जिले के निवासी बताए जा रहे हैं। मद्यनिषेध विभाग ने बताया कि जिले में अवैध शराब के निर्माण, भंडारण और तस्करी के खिलाफ लगातार अभियान चलाया जा रहा है और आगे भी ऐसी कार्रवाई जारी रहेगी।

## बंद घर को चोरों ने बनाया निशाना, कागजात व नकदी ले उड़े चोर

**दैनिक खोज खबर/सोनपुर।** सोनपुर थाना क्षेत्र के सबलपुर बभनटोली में बंद पड़े एक घर को चोरों ने निशाना बनाया। गृहस्वामिनी वीणा वर्मा ने पुलिस को दिए आवेदन में बताया कि घर लौटने पर मुख्य दरवाजा टूटा मिला और अंदर सामान बिखरा था। चोर दो गैस सिलेंडर, जमीन से जुड़े जरूरी कागजात और करीब 5 हजार रुपये नकद लेकर फरार हो गए।

घटना के बाद आसपास के लोगों से पूछताछ में कोई सुराग नहीं मिला। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## प्रेम प्रसंग बना हत्या की वजह, 24 घंटे में महिला समेत दो गिरफ्तार

**दैनिक खोज खबर/सोनपुर।** सोनपुर रेल पुलिस ने युवक की हत्या के मामले का 24 घंटे के भीतर खुलासा करते हुए एक महिला समेत दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस जांच में मामला प्रेम प्रसंग से जुड़ा सामने आया है। बताया जाता है कि बीते शनिवार को दिघवारा थाना क्षेत्र के छत्तर छपरा निवासी 24 वर्षीय राहुल कुमार की हत्या कर शव को शीतलपुर स्टेशन के पास रेलवे ट्रैक किनारे फेंक दिया गया था। घटना की सूचना मिलते ही रेल डीएसपी, आरपीएफ व स्थानीय पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच शुरू की, वहीं डॉग स्क्वायड और एफएसएल टीम की भी मदद ली गई। रेल थाना अध्यक्ष संजय पासवान के अनुसार, जांच के दौरान दरियापुर थाना क्षेत्र की ज्योति देवी और नयागांव के हिमांशु कुमार को गिरफ्तार किया गया। दोनों को सोमवार को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। पुलिस के अनुसार, सभी एक-दूसरे के परिचित थे और इसी संबंध से जुड़े विवाद में हत्या की घटना को अंजाम दिया गया।

## अनियंत्रित बस की चपेट में आने से एक युवक की मौत, मचा कोहराम

**दैनिक खोज खबर/तरैया (सारण)।** थाना क्षेत्र के तरैया-मढ़ौरा एसएच-73 मुख्य सड़क पर पचभिण्डा पेट्रोल पंप के समीप रविवार की रात्रि में पटना से सिवान जा रही अनियंत्रित बस की चपेट में आने से एक युवक की मौत हो गई। मृतक पचभिण्डा गांव निवासी अवधेश सिंह का 17 वर्षीय पुत्र आदर्श कुमार सिंह बताया गया है। घटना के सम्बंध में परिजनों ने बताया कि आदर्श पचभिण्डा पेट्रोल पंप के समीप एक तिलक समारोह में भोज खाने के लिए गया हुआ था। इस दौरान वह मूत्र त्याग के लिए सड़क किनारे खड़ा होकर पेशाब कर रहा था कि पटना से सिवान जा रही तेज रफ्तार एक यात्री बस ने उसे ठोकर मार दिया। जिससे वह गंभीर रूप से जख्मी हो गया। वहीं घटना के बाद ग्रामीणों ने आवाज लगाते हुए दौरे तबतक घटित कर भाग रहे बस के चालक ने सड़क किनारे बस छोड़कर फरार हो गया। इधर सड़क किनारे जख्मी हालत में पड़े युवक को आसपास के लोगों उसके परिजनों को सूचना दिया तथा उसे तत्काल इलाज के लिए रेफरल अस्पताल तरैया में भर्ती कराया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने उसे गंभीरावस्था में पटना पीएमसीएच रेफर कर दिया। पटना में जाने के दौरान रास्ते में ही उसकी मौत हो गई। मौत की खबर मिलते ही उसके घर पर चीख-पुकार मच गई। मृतक के पिता अवधेश सिंह, माता प्रीतिबाला देवी, भाई अंशु कुमार, चचेरे भाई रजनीश कुमार समेत दो बहने व परिवार के अन्य सदस्य दहार मार-मार कर रोने लगे। परिजनों के चीख पुकार से गांव का माहौल गमगीन बन गया। वहीं घटना की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतक के शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया तथा आगे की जांच और कार्रवाई में जुट गई हैं।

## अपहृत नाबालिग लड़की के साथ युवक गिरफ्तार, पुलिस ने दोनों को न्यायालय भेजा

**दैनिक खोज खबर/सोनपुर।** सोनपुर नगर परिषद क्षेत्र के एक गांव से बहला-फुसलाकर नाबालिग लड़की को शादी की नीयत से लेकर फरार हुए युवक को हरिहरनाथ पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। साथ ही अपहृत लड़की को सकुशल बरामद कर लिया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, इसी माह लड़की के परिजनों ने हरिहरनाथ थाना में आवेदन देकर पुत्री के लापता होने की सूचना दी थी। परिजनों ने आरोप लगाया था कि एक युवक उनकी नाबालिग बेटी को बहला-फुसलाकर अपने साथ लेकर चला गया है। काफी खोजबीन के बाद भी लड़की का कोई पता नहीं चलने पर परिजनों ने पुलिस से बरामदगी की गुहार लगाई थी। मामले को गंभीरता से लेते हुए हरिहरनाथ पुलिस ने आवेदन के आधार पर जांच शुरू की। तकनीकी एवं मानवीय सूचना के आधार पर छापेमारी करते हुए पुलिस ने लड़की को सकुशल बरामद कर लिया तथा आरोपी युवक को गिरफ्तार कर लिया।हरिहरनाथ थानाध्यक्ष विकास कुमार ने सोमवार को बताया कि गिरफ्तार युवक की पहचान विशाल कुमार, पिता संजय पासवान, निवासी बरबट्टा थाना जंदाहा जिला वैशाली के रूप में हुई है। पुलिस ने बरामद लड़की एवं गिरफ्तार युवक को आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी कर न्यायालय भेज दिया है। मामले में आगे की कार्रवाई जारी है।

## चोरी हुए मोबाइल से PI के जरिए ?32,999 की अवैध निकासी

**दैनिक खोज खबर/दिघवारा (सारण)।** थाना क्षेत्र में चोरी हुए मोबाइल के माध्यम से PI के जरिए ?32,999 की अवैध निकासी का मामला सामने आया है। इस संबंध में बस्तीजलाल गांव निवासी त्रिलोकी साह के पुत्र संतोष कुमार ने स्थानीय थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई है। दर्ज प्राथमिकी में संतोष कुमार ने बताया कि बीते 14 अप्रैल को शीतलपुर बाजार में उनका मोबाइल चोरी हो गया था। कुछ समय बाद उन्हें जानकारी मिली कि उनके मोबाइल में मौजूद PI ऐप के जरिए 32,999 की निकासी कर ली गई है। घटना की सूचना मिलने के बाद पीड़ित ने थाने में शिकायत दर्ज कराई। थानाध्यक्ष धर्मेंद्र कुमार ने बताया कि मामला दर्ज कर लिया गया है और पुलिस पूरे प्रकरण की जांच में जुटी हुई है।

## एकारी देवी टोला में काली मंदिर की पिंडी तोड़ी, अज्ञात तत्वों पर आरोप

**दैनिक खोज खबर/छपरा/एकमा (सारण)।** जिले के एकमा थाना क्षेत्र के एकारी देवी टोला गांव में रविवार की रात अज्ञात असामाजिक तत्वों ने काली माता मंदिर की पिंडी को क्षतिग्रस्त कर दिया। घटना के बाद गांव में तनाव और आक्रोश का माहौल हो गया। फिलहाल पुलिस के मुआयना के बाद गांव में स्थिति सामान्य बनी हुई। ग्रामीणों के बताया कि रात में अचानक मंदिर की बिजली गुल हो गई। आशंका होने पर जब कुछ ग्रामीण मंदिर की ओर पहुंचे तो उन्होंने कुछ युवकों को वहां से भागते हुए देखा। मंदिर के अंदर पहुंचने पर पिंडी टूटी और बिखरी हुई अवस्था में मिली, जिससे लोगों में रोष फैल गया। ग्रामीणों ने बताया कि यह काली माता मंदिर गांव की आस्था का प्रमुख केंद्र है, जहां नियमित रूप से पूजा-पाठ और धार्मिक आयोजन होते हैं। इस घटना से लोगों की धार्मिक भावनाएं गहराई से आहत हुई हैं। सूचना मिलने पर एकमा थाना की पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण किया। ग्रामीणों ने थानाध्यक्ष रामबालक यादव से दोषियों की पहचान कर कड़ी कार्रवाई की मांग की है। थानाध्यक्ष रामबालक यादव ने बताया कि मामले की जांच शुरू कर दी गई है और जल्द ही घटना में शामिल लोगों की पहचान कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

# स्वास्थ्य सेवाओं को लेकर सीएचसी मशरक में बैठक, दिए गए निर्देश

**दैनिक खोज खबर/मशरक (सारण)।** मशरक सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र परिसर में स्वास्थ्य सेवाओं को और अधिक प्रभावी व सुदृढ़ बनाने को लेकर स्थानांतरित होकर आई जीएनएम समेत अन्य स्वास्थ्य कर्मियों की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. अनंत नारायण कश्यप ने की। बैठक में अस्पताल की वर्तमान व्यवस्था, मरीजों को दी जा रही सुविधाओं तथा भविष्य में स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाने के विभिन्न पहलुओं पर विस्तार से चर्चा की गई। प्रभारी चिकित्सक डॉ. कश्यप ने सभी स्वास्थ्य कर्मियों को निर्देश देते हुए कहा कि अस्पताल में आने वाले प्रत्येक मरीज को समय पर और गुणवत्तापूर्ण इलाज उपलब्ध कराना उनकी प्राथमिक जिम्मेदारी है। उन्होंने विशेष रूप से साफ-सफाई, दवा वितरण, मरीजों की नियमित निगरानी तथा आपातकालीन सेवाओं को हर समय सक्रिय रखने पर जोर दिया। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा संचालित विभिन्न स्वास्थ्य योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना सुनिश्चित किया जाए। बैठक के दौरान जीएनएम कर्मियों को मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य सेवाओं में और अधिक सतर्कता बरतने, टीकाकरण अभियान को शत-



प्रतिशत सफल बनाने तथा प्रसव सेवाओं को बेहतर ढंग से संचालित करने के निर्देश दिए गए। साथ ही अस्पताल में आने वाले मरीजों के साथ संवेदनशील और सौम्य व्यवहार रखने पर भी बल दिया गया। स्वास्थ्य प्रबंधक अमित कुमार ने अस्पताल में उपलब्ध संसाधनों, दवाओं की स्थिति एवं अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं की जानकारी दी। प्रियांशु प्रकाश समेत अन्य स्वास्थ्य कर्मियों ने भी अपने-अपने सुझाव प्रस्तुत किए, जिससे स्वास्थ्य सेवाओं को और अधिक प्रभावी बनाया जा सके।बैठक के अंत में यह निर्णय लिया गया कि नियमित अंतराल पर ऐसी बैठकें आयोजित की जाएंगी, ताकि स्वास्थ्य सेवाओं की समीक्षा कर आवश्यक सुधार समय-समय पर किया जा सके। इस मौके पर अस्पताल के कई स्वास्थ्यकर्मी उपस्थित रहे और सभी ने मिलकर बेहतर स्वास्थ्य सेवा प्रदान करने का संकल्प लिया।

## मशरक थावे रेलखंड पर चलेंगी 05064/05063 गोमतीनगर कोलकता ग्रीष्मकालीन एक्सप्रेस

**दैनिक खोज खबर/मशरक (सारण)।** रेल प्रशासन द्वारा ग्रीष्मकाल के दौरान यात्रियों की अतिरिक्त सुविधा हेतु 05064/05063 गोमती नगर-कोलकाता-गोमती नगर वाया कप्तानगंज,थावे ग्रीष्मकालीन विशेष गाड़ी गोमती नगर से 22 एवं 29 अप्रैल दिन बुधवार को तथा कोलकाता से 23 एवं 30 अप्रैल, 2026 दिन बृहस्पतिवार को 02 फेरों के लिये निम्नवत किया जायेगा।गाड़ी संख्या 05064 गोमती नगर-कोलकाता ग्रीष्मकालीन विशेष गाड़ी 22 एवं 29 अप्रैल दिन बुधवार को गोमती नगर से 08.40 बजे प्रस्थान कर गोंडा से 10.37 बजे, बस्ती से 12.05 बजे, गोरखपुर से 13.45 बजे, कप्तानगंज से 14.55 बजे, पडरौना से 15.32 बजे, तमकुही रोड से 16.27 बजे, थावे से 18.40 बजे, दिघवा दुबौली से 19.42 बजे, मशरख से 20.15 बजे, मढ़ौरा से 20.50 बजे, हाजीपुर से 23.15 बजे, दूसरे दिन शाहपुर पटोरी से 00.12 बजे, बरौनी से 01.55 बजे, झाझा से 04.45 बजे, जसीडीह से 05.30 बजे, मधुपुर से 05.57 बजे, चित्तरंजन से 06.50 बजे, आसनसोल से 07.55 बजे, दुर्गापुर से 08.42 बजे, बर्द्धमान से 10.15 बजे, बैण्डेल से 11.20 बजे तथा नैहाटी से 12.02 बजे छूटकर कोलकाता 13.10 बजे पहुँचेगी।वापसी यात्रा में गाड़ी संख्या 05063 कोलकाता-गोमती नगर ग्रीष्मकालीन विशेष गाड़ी 23 एवं 30 अप्रैल दिन बृहस्पतिवार को कोलकाता से 15.20 बजे प्रस्थान कर नैहाटी से 16.20 बजे, बैण्डेल से 16.54 बजे, बर्द्धमान से 18.12 बजे, दुर्गापुर से 19.12




बजे, आसनसोल से 20.35 बजे, चित्तरंजन से 20.59 बजे, मधुपुर से 21.55 बजे, जसीडीह से 22.32 बजे, झाझा से 23.45 बजे, दूसरे दिन बरौनी से 02.40 बजे, शाहपुर पटोरी से 05.57 बजे, हाजीपुर से 07.00 बजे, मढ़ौरा से 08.27 बजे, मशरख से 08.52 बजे, दिघवा दुबौली से 09.17 बजे, थावे से 10.50 बजे, तमकुही रोड से 11.32 बजे, पडरौना से 12.02 बजे, कप्तानगंज से 12.50 बजे, गोरखपुर से 14.05 बजे, बस्ती से 15.02 बजे तथा गोंडा से 16.17 बजे छूटकर गोमती नगर 18.30 बजे पहुँचेगी।

## आयुष्मान आरोग्य मंदिर में लटका ताला, इलाज के लिए लोग परेशान

**दैनिक खोज खबर/मशरक (सारण)।** मशरक के लखनपुर गांव अवस्थित आयुष्मान आरोग्य मंदिर (उप स्वास्थ्य केन्द्र) की बदहाली व्यवस्था का मामला सामने आया। क्षेत्र के लोगों का आरोप है कि यह समस्या बराबर बनी रहती है। स्थानीय लोगों की शिकायत पर संवादाता जब सोमवार की सुबह 10 बजें से लेकर 11 बजें तक उप स्वास्थ्य केंद्र पर पहुंचे और देखा कि परिसर में ताला बंद हैं। कोई स्वास्थ्य कर्मी मौजूद नहीं है। इलाज के लिए आए लोग कार्यरत कर्मचारियों के आने का इंतजार कर वापस लौट गये। वहीं लोगों ने आरोप लगाया कि यह व्यवस्था बराबर बनी रहती है। ग्रामीणों ने मांग की उप स्वास्थ्य केन्द्र की नियमित निगरानी सुनिश्चित की जाए और लापरवाह स्वास्थ्य कर्मियों पर कड़ी कार्रवाई की जाए। ताकि आम आदमी को स्वास्थ सेवाएं समय पर उपलब्ध हों सके। ग्रामीणों का कहना है कि सारण और गोपालगंज की सीमा पर स्थित यह उप स्वास्थ्य केंद्र उनकी बुनियादी स्वास्थ्य जरूरतों को पूरा करने के लिए बनाया गया था। हालांकि, लापरवाही के कारण यह सिर्फ एक बंद भवन बनकर रह गया है। प्राथमिक उपचार, टीकाकरण, जांच और आवश्यक दवाओं के लिए भी लोगों को निजी क्लीनिकों का रुख करना पड़ रहा है, जिससे उन पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ पड़ रहा है। प्रभारी डॉ अनंत नारायण कश्यप से जानकारी ली गई तों उन्होंने उचित कार्रवाई करने की बात बताई।




## छपरा में AEDO की परीक्षा में पकड़ा गया नकलची, चप्पल में छुपा रखा था ब्लू-टूथ डिवाइस

**दैनिक खोज खबर/छपरा।** सहायक शिक्षा विकास पदाधिकारी के तीसरे चरण की परीक्षा के दौरान सोमवार 20 अप्रैल को साधुलाल पृथ्वी चंद उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, छपरा में ब्लू टूथ डिवाइस के साथ एक अभ्यर्थी - रोहित कुमार (ग्राम- बगहा, बैजुबरहोगा, जिला सिवान) को परीक्षा केंद्र में प्रवेश के क्रम में फ्रिस्किंग के दौरान पकड़ा गया। अभ्यर्थी द्वारा हवाई चप्पल में ब्लू टूथ डिवाइस लगाया गया था तथा कलम में माइक्रो फ़ोन लगा था। उक्त अभ्यर्थी के विरुद्ध नगर थाना में प्राथमिकी दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है।



## पैक्स के विभिन्न पदों के लिए मतदान संपन्न



**दैनिक खोज खबर/मांझी (सारण)।** प्रखंड के जैतपुर पंचायत में सोमवार को पैक्स के विभिन्न पदों के लिए मतदान कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच शांति पूर्वक संपन्न हो गया। इस दौरान करीब 50 प्रतिशत मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। राजकीय मध्य विद्यालय जैतपुर में चुनाव को लेकर दो मतदान केंद्र बनाए गए थे। कुल 1159 मतदाताओं में से बूथ संख्या 1 पर 272 जबकि बूथ संख्या 1 (क) पर 307 मतदाताओं ने अपना मतदान किया। प्रखंड निर्वाची पदाधिकारी सह प्रखंड विकास पदाधिकारी उपेंद्र दास ने बताया कि सुबह में शुरू हुआ मतदान शाम करीब पांच बजे तक चला। भीषण गर्मी के बावजूद महिला एवं पुरुष मतदाताओं में मतदान को लेकर खासा उत्साह देखा गया। मतदान केंद्रों पर सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए थे। विधि-व्यवस्था बनाए रखने को लेकर डीसीएलआर आलोक राज, एसडीएम, ऑब्जर्वर मनोज कुमार सिंह, एसडीपीओ देवाशीष कुमार, एडीपीओ-2 राजकुमार, नगर पंचायत मांझी की कार्यपालक पदाधिकारी रक्षा लोहिया, सेक्टर मजिस्ट्रेट धर्मेंद्र कुमार सिंह, मजिस्ट्रेट कुमार चंद्रशेखर, थानाध्यक्ष निर्भय कुमार तथा एसआई बिपुल कुमार मतदान स्थल पर कई घंटे जमे रहे। चुनाव के दौरान बड़ी संख्या में पुलिस बल की भी तैनाती की गई थी। मतदान समाप्ति के बाद प्रखंड मुख्यालय सभागार में कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच मतगणना शुरू हुई, जो देर रात तक चली।

## लौवां में नव दिवसीय यज्ञ के शुभारम्भ पर 24 घण्टे का अखण्ड अष्टयाम शूरू

**दैनिक खोज खबर/इसुआपुर(सारण)।** प्रखंड के लौवां गांव स्थित संकट मोचन हनुमान मंदिर परिसर में आयोजित नौ दिवसीय भगवान गणेश, राम-जानकी, लक्ष्मण एवं राधा-कृष्ण प्राण-प्रतिष्ठा महायज्ञ के शुरुआत के पहले 24 घण्टे का अखण्ड अष्टयाम का शुरुआत सोमवार को हुआ।अष्टयाम कराने आये बनारस के बिद्वान पंडित आचार्य अभिषेक द्विवेदी, पंडित अनुपम त्रिपाठी, पंडित दिनेश पांडे तथा मंदिर के पुजारी गायत्री नंदन शास्त्री के मंत्रों उच्चारण से बाताबरण भक्तिमय हो गया. यज्ञ का संकल्प यजमान के रूप में मनोज सिंह उनकी पत्नी पुतुल देवी, ललन सिंह पत्नी रिंकू देवी तथा उमेश सिंह पत्नी मीनु देवी ने संयुक्त रूप से लिया. इसके पूर्व लगभग हजारों महिलाओं तथा पुरुषों ने हाथ में कलश लेकर यज्ञ स्थल से हाथी घोरे, डीजे का साथ एक जुलूस के रूप में चलते हुए पुरे गांव की परिक्रमा कर सढ़वारा बाजार शिव मंदिर के प्रांगण स्थित तालाब से जल भारी कर पुनः यज्ञ स्थल पहुचे.जहां पवित्र जल से यज्ञ का श्रीगणेश किया गया. जुलूस का नेतृत्व जिला पार्षद छविनाथ सिंह, स्थानीय मुखिया प्रतिनिधि अजय साह, मुखिया अजय राय ,राजेश राय, धनंजय साह, डॉ अमरेश कुमार, बीडीसी हरे राम राम ,सूरज श्रीवास्तव ,विजय महतो अनिल सिंह,मुना सिंह,सुनील राय, डॉ जलेश्वर प्रसाद,संतोष सिंह,धर्मेंद्र सिंह, बिनोद मिस्त्री,धुपनाथ धवरिया आदि ने किया.अष्टयाम के समाप्ति के पश्चात अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त भजन गायक पंडित पवन तिवारी (मध्य प्रदेश) तथा प्रसिद्ध श्रीमद्भागवत कथा वाचक अर्जुन आनंद (राजस्थान) अपनी प्रस्तुति देंगे. इसके साथ ही दरभंगा की रामलीला मंडली द्वारा भी सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए जाएंगे , इस यज्ञ को लेकर पूरे क्षेत्र में भक्ति और श्रद्धा का माहौल बना हुआ है।



# भेल्दी में चाकू से जख्मी युवक की पीएमसीएच में इलाज के दौरान मौत

**दैनिक खोज खबर/भेल्दी(सारण)।** स्थानीय थाने के कोरेया में नौ दिनों पूर्व चाकू से जख्मी युवक की मौत सोमवार को पीएमसीएच में इलाज के दौरान हो गई। मृतक लालबाबू भगत( 30 ) कोरेया गांव के दिलीप भगत का पुत्र बताया जाता है। बताते चलें कि भेल्दी थाने के कोरेया गांव के दिलीप भगत के पुत्र लालबाबू भगत कोरेया बाजार से 11अप्रैल की रात अपने गांव के ही एक अन्य युवक के साथ बाइक पर बैठकर घर जा रहा था ।बाजार से कुछ ही दूर आगे बढ़ा कि बीच सड़क पर अन्य दो बाइक लगे हुए थे।लालबाबू भगत ने कहा कि सड़क पर किनकी बाइक लगी हुई है इसी बीच तीन -चार युवक वहां पहुंच गए और गाली गलौज और बहस शुरू हो गई।इसी बीच युवको ने लालबाबू पर चाकू से हमला कर लहुलुहान कर दिया।परिजन इलाज के लिए गड़खा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर लाए जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार करने के बाद बेहतर इलाज के लिए छपरा सदर अस्पताल रेफर कर दिया।छपरा सदर अस्पताल के चिकित्सकों ने गंभीर स्थिति को देखते हुए पीएमसीएच रेफर कर दिया। पीएमसीएच में इलाज के नौवें दिन लालबाबू की मौत हो गई।

**मृतक के परिजनो का रो रोकर हुआ बुरा हाल**

मृत लालबाबू भगत का शव पीएमसीएच से सोमवार को कोरेया पहुंचते ही परिजनो में चीख पुकार मच गई।पत्नी रेखा देवी अपने पति लालबाबू भगत का शव देखते ही मूर्छित होकर गिर पड़ी।वह जब भी होश में आती अपने पति के शव से लिपटकर रोने लगती।मां विमला देवी दहाड़ मारकर रो रही थी।वही भाई अखिलेश भगत, अर्जुन भगत व बहन निशा कुमारी के आंखों से आंसू सूखने का नाम नहीं ले रहा था।मृत लालबाबू भगत तीन भाईयों में दूसरे नंबर पर था।उसकी हत्या के बाद गांव में मातमी सन्नाटा पसरा हुआ है।मृत लालबाबू भगत हत्याकांड में घटना के 24 घंटे के अंदर चार अभियुक्तो में से तीन की गिरफ्तारी हो चुकी है।इस मामले में चार नामजद अभियुक्तो में से मढ़ौरा थाने के सैंधवारी गांव के मुस्लीम शाह का पुत्र मो.शमशेर शाह, किशुन सिंह का पुत्र राहुल सिंह, भेल्दी थाने के कोरेया पोखेरा के विनय महतो का पुत्र रूपेश महतो को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।वही कोरेया गांव के चौथे अभियुक्त की गिरफ्तारी के लिए पुलिस लगातार छापेमारी कर रही है।

**अभियुक्तो के पास से दो पिस्टल, 25 जिंदा कारतूस व हत्या में प्रयुक्त चाकू को पुलिस ने किया बरामद**

भेल्दी थानाध्यक्ष श्रवण कुमार पाल ने बताया कि लालबाबू भगत हत्याकांड में पुलिस ने 24 घंटे के अंदर चार अभियुक्तो में से तीन को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया था।इन अभियुक्तो के पास से दो पिस्टल, 25 जिंदा कारतूस, 3 खाली मैग्जन एक बाइक, मोबाइल चार व हत्या में प्रयुक्त चाकू को बरामद कर लिया। चार थाने की पुलिस पहुंची कोरेया गांव चप्पे-चप्पे पर पुलिस की



व्यवस्था लालबाबू भगत हत्याकांड के बाद दो समुदायो के बीच तनाव के मद्देनजर कोरेया में सोमवार को पुलिस की चाक-चौबंद व्यवस्था कर दी गई है।घटना की सूचना मिलते ही मढ़ौरा एसडीओ निधि राज, मढ़ौरा डीएसपी नरेश पासवान, मढ़ौरा इंस्पेक्टर नागेंद्र सहनी, भेल्दी थानाध्यक्ष श्रवण कुमार पाल समेत अमनौर, मकेर व मढौरा थाने की पुलिस मौके पर पहुंची हुई है।पुलिस के वरीय अधिकारी घटना पर पहुंचकर बड़ी बारिकी से जांच पड़ताल कर रहे हैं।लालबाबू भगत हत्याकांड के विरोध में सोमवार को कोरेया बाजार की सभी दुकानें बंद रही।कोरेया बाजार के दुकानदारों ने लालबाबू की मौत की खबर मिलते ही अपनी-अपनी दुकानों को बंद कर दिए।दुकानें बंद होने से कोरेया बाजार में पूरी तरह सन्नाटा पसरा रहा।

## हत्या प्रयास मामले एवं आर्म्स एक्ट में दोषी करार

**दैनिक खोज खबर/छपरा।** जिला एवं सत्र न्यायाधीश चतुर्थ राघवेंद्र विक्रम सिंह परमार ने अमनौर थाना कांड संख्या 142/22 के सत्र वाद संख्या 339 /23 में अमनौर थाना के मनोरपुर निवासी पवनगिरी को हत्या प्रयास मामले अंदर दफा 307 एवं 27 आर्म्स एक्ट में दोषी करार दिया है तथा सजा की बिंदु पर सुनवाई हेतु 25 अप्रैल 2026 की तिथि मुकर्रर की है। अभियोजन की ओर से अपर लोक अभियोजक ध्रुव देव सिंह ने अनुसंधानकर्ता एवं चिकित्सक सहित कुल 12 गवाहों की गवाही न्यायालय में कराई।पुलिस द्वारा 19 जुलाई 2022 को न्यायालय में आरोप पत्र समर्पित किया गया था। एक आरोपी पवन गिरि की पत्नी फूल कुमारी देवी को न्यायालय ने साक्ष्य के अभाव में दोष मुक्त कर दिया। थाना कांड के सूचक अमनौर थाना की मनोरपुर निवासी कामेश्वर गिरी ने पुलिस के समक्ष 26 मई 2022 को फर्द बयान दर्ज कराया था। जिसमें उन्होंने दर्शाया था कि 25 में 2022 के रात्रि में 8:00 बजे पवन गिरी अपने साथ चंद्रमा राम को लेकर उनके घर पर आए थे और उनके साथ गाली गलौज करने लगे इस बीच आरोपी की पत्नी फूल कुमारी देवी भी आ गई और वे लोग कहने लगे की हमारे छत पर से बिजली का तार क्यों ले गए हो हटाओ। हल्ला सुनकर उनका पुत्र राकेश गिरी आया तो उसको पवन गिरी उसके छाती पर गोली मार दिए जिससे वह वहीं गिर गया और खून बहने लगा। इलाज के लिए स्थानीय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र अमनौर ले गए वहां से उचित इलाज के लिए पटना पीएमसीएच रेफर कर दिया गया। घटना का कारण छत के ऊपर से बिजली का तार ले जाना बताया गया है।

## भूसा रखनें के दौरान मारपीट में तीन घायल

**दैनिक खोज खबर/मशरक (सारण)।** मशरक के चांद कुदरिया गांव में भूसा रखनें के दौरान मारपीट में तीन लोग घायल हो गए। घायलों में चांद कुदरिया गांव के वार्ड -13 निवासी प्रभु प्रसाद की पत्नी मधु माला देवी,13 वर्षीय पुत्र सनोज कुमार,17 वर्षीय पुत्री सिंधु कुमारी हैं। ड्यूटी पर तैनात चिकित्सक ने प्राथमिक उपचार किया। बताया गया कि भूसा रखा जा रहा था कि मारपीट हो गई।

## भारी मात्रा में देशी शराब व निर्माण सामग्री बरामद

**दैनिक खोज खबर/मकेर (सारण)।** थाना क्षेत्र के दियारा क्षेत्र में भारी मात्रा में देशी शराब एवम उसमे प्रयुक्त होने वाले सामग्री जप्त किया गया है । इस आशय की जानकारी थाना अध्यक्ष संग्राम सिंह ने दिया है । उन्होनो बताया कि थाना क्षेत्र के मुरहिया दियारा क्षेत्र में जानकारी मिली थी कि देशी शराब बनाया एवम बेचा जाता है जिसको लेकर छापेमारी की गई । पुलिस को देखते ही सभी लोग गंडक नदी पार कर वैशाली जिले की ओर भाग गए ।दियारा में सघन तलासी ली गयी जिसमे सत्तर लीटर शराब एवम पांच सौ लीटर शराब निर्माण में निर्मित सामग्री को बिनिष्टि किया गया है । उन्होंने बताया कि शराब निर्माण में प्रयुक्त होने वाले सामग्री यथा प्लास्टिक का ड्रम, पाइप, नौसादर, मीठा सहित अन्य सामग्री को बालू में नष्ट कर दिया गया है ।इस टीम का नेतृत्व थाना अध्यक्ष संग्राम सिंह के साथ चंदन कुमार एवम अन्य सिपाही एवम चौकीदार रितेश कुमार ,ओमप्रकाश मांझी, दसरथ मांझी, अवधेश राय शामिल थे ।

## टेम्पो पलटने से एक व्यक्ति की मौत

**दैनिक खोज खबर/दिघवारा (सारण)।** प्रखंड के दियरा क्षेत्र स्थित अकिलपुर थाना क्षेत्र के पुरानी पानापुर के समीप टेम्पो पलटने से उसमें सवार एक व्यक्ति की इलाज के लिए ले जाने के दौरान मौत हो गई। मृतक की पहचान अकिलपुर थाना क्षेत्र के विशनपुर गांव निवासी स्व. धर्मानंद राय के 55 वर्षीय पुत्र विटेश्वर राय के रूप में हुई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, सोमवार को विटेश्वर राय अपने निजी कार्य से दानापुर गए थे। काम निपटाने के बाद वे टेम्पो से अपने गांव लौट रहे थे। इसी दौरान पुरानी पानापुर के समीप टेम्पो अचानक अनियंत्रित होकर पलट गया। टेम्पो में करीब आधा दर्जन यात्री सवार थे। हादसे में विटेश्वर राय गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय ग्रामीणों की मदद से उन्हें तत्काल दानापुर अनुमंडलीय अस्पताल ले जाया जा रहा था, लेकिन रास्ते में ही उनकी मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। वहीं, सूचना मिलते ही अकिलपुर थाना अध्यक्ष सूर्यकांत कुमार मौके पर पहुंचे और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया। समाचार लिखे जाने तक इस मामले में परिजनों द्वारा कोई प्राथमिकी दर्ज नहीं कराई गई थी।

## सोनपुर पुलिस ने दो आरोपी को गिरफ्तार कर भेजा जेल

**सोनपुर।** सोनपुर पुलिस ने मारपीट एवं पेक्सो एक्ट के मामले में कुल दो आरोपी को अलग-अलग जगहों से छापामारी कर गिरफ्तार कर लिया। इस बात की जानकारी देते हुए थानाध्यक्ष ने बताया कि मारपीट के मामले में थाना क्षेत्र के मिर्जापुर भरपुर के मोहम्मद मुमताज को जबकि पेक्सो एक्ट के मामले में फकराबाद के विकास कुमार को गिरफ्तार कर छपरा जेल भेज दिया गया है।

## इसुआपुर पुलिस ने 20 लीटर स्प्रिट के साथ 3 तस्कर को दबोचा

**दैनिक खोज खबर/इसुआपुर(सारण)।** स्थानीय थाना क्षेत्र के रामचौरा गांव में गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए 20 लीटर स्पिरिट के साथ 3 तस्कर को गिरफ्तार किया। थानाध्यक्ष गौरव कुमार गौरव ने जानकारी देते हुए बताया कि रविवार को गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस ने छापेमारी कर स्वर्गीय योगेंद्र मांझी के पुत्र धीरज मांझी उर्फ चंदन मांझी तथा स्वर्गीय मोहन बैठा के पुत्र अजय बैठा तथा तीसरा बनियापुर थाना क्षेत्र के भकुरा गांव के सीताराम साह के पुत्र भगवान साह को 20 लीटर स्प्रिट के साथ गिरफ्तार कर थाना लाया गया। वही आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी करने के बाद आरोपितो को सोमवार की सुबह न्यायिक हिरासत में छपरा जेल भेज दिया गया। छापामारी टीम में एस आई संजय कुमार शर्मा और पुलिस बल थे।

## आंगनबाड़ी केंद्रों में घटिया ड्रेस वितरण से अभिभावकों में आक्रोश व्याप्त

**दैनिक खोज खबर/तरैया (सारण)।** जीविका के माध्यम से आंगनबाड़ी केंद्रों के बच्चों को वितरित किए जा रहे ड्रेस की गुणवत्ता को लेकर अभिभावकों में भारी नाराज़गी देखी जा रही है। आरोप है कि बच्चों के लिए उपलब्ध कराए जा रहे कपड़े बेहद घटिया गुणवत्ता के हैं, जिनकी सिलाई भी ठीक ढंग से नहीं की गई है। जानकारी के अनुसार, बाल विकास परियोजना कार्यालय तरैया को जीविका दीदियों द्वारा तैयार कराए गए ड्रेस भेजे जा रहे हैं, जिन्हें सेविकाएं केंद्रों पर लाकर बच्चों के बीच वितरित कर रही हैं। लेकिन जैसे ही अभिभावकों ने ड्रेस की गुणवत्ता, साइज और सिलाई देखी, उन्होंने इसका विरोध शुरू कर दिया। अभिभावकों का कहना है कि ड्रेस का कपड़ा बेहद कमजोर है और सिलाई भी जल्दबाजी में की गई है, प्रतीत होती है कि कई ड्रेस का साइज बच्चों के अनुरूप नहीं है, जिससे उन्हें पहनना मुश्किल हो रहा है। इसी कारण कई अभिभावकों ने ड्रेस लेने से इनकार कर दिया है। एक अभिभावक ने कपड़े की गुणवत्ता दिखाते हुए आरोप लगाया कि -जीविका के माध्यम से रुपये का बंदरबांट किया जा रहा है। पहले बच्चों को ड्रेस के लिए 400 रुपये नकद मिलते थे, जिससे वे अपनी पसंद का कपड़ा खरीद लेते थे, लेकिन अब जबरन घटिया ड्रेस थमाया जा रहा है।- बताया जाता है कि लड़कों के लिए शर्ट-पैंट और लड़कियों के लिए शर्ट-स्कर्ट उपलब्ध कराया जा रहा है, लेकिन इन सभी में साइज, कपड़ा और सिलाई की गुणवत्ता को लेकर सवाल उठ रहे हैं। इस मामले में सेविकाएं भी असहज स्थिति में हैं, क्योंकि एक ओर उन्हें ड्रेस वितरण करना है, वहीं दूसरी ओर अभिभावकों के विरोध का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से मामले की जांच कर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई करने और बच्चों को बेहतर गुणवत्ता का ड्रेस उपलब्ध कराने की मांग की है।

## पिकअप ने बाइक को मारी ठोकर, बाइक के परखच्चें उड़े

**दैनिक खोज खबर/मढ़ौरा (सारण)।** थाना क्षेत्र के जगदीशपुर टेक्टी मोड़ के पास मढ़ौरा छपरा मुख्य सड़क एक अनियंत्रित पिक अप ने बाइक सवार को ठोकर मार दी? दुर्घटना में बाइक सवार यमुना राम का 26 वर्षीय पुत्र रमेश कुमार राम बुरी तरह से जख्मी हो गया। दुर्घटना में बाइक का पाटस पाटस अलग हो ग ए। सामने से आ रही पिकअप और मोटरसाइकिल के बीच टक्कर इतना जबरदस्त था कि बाइक दो टुकड़े में टूट कर बिखर गया। इस दौरान दुर्घटनाग्रस्त बाइक का



अगला हिस्सा निकल कर दूसरे बाइक से टकराया जिसमें एक अन्य बाइक सवार तरैया निवासी दंपति और बच्चा दुर्घटना का शिकार बन जख्मी हो गए। सभी जख्मी का इलाज वहीं के स्थानीय चिकित्सक ने किया। घटना के बाद पिकअप चालक वाहन लेकर फरार हो गया। घायल रमेश कुमार राम ने बताया कि कुछ जरूरी काम से मढ़ौरा गया था छपरा लौटने के दौरान पिकअप ने धक्का मार दिया। सोमवार की शाम हुई दुर्घटना के एक स्थानीय चश्मदीद व्यक्ति विनोद कुमार ने बताया कि संयोग अच्छा था कि मोटर साइकिल चालक दूर जा गिरा जिससे उसका जान बच गई।

## शादी के विरोध में युवक ने धारदार हथियार से स्वजनों पर किया हमला, फुआ की मौत

**परवेज अख्तर/सिवान।** जीबी नगर थाना क्षेत्र के ओलीपुर गांव में रविवार की रात परिवार वालों द्वारा शादी के रिश्ते से नाराज युवक ने अपने स्वजनों पर धारदार हथियार से वार कर दिया। इस घटना में युवक की फुआ की मौत हो गई। जबकि उसके पिता, चाचा सहित परिवार के पांच लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। हमला करने वाला युवक दीपक कुमार सिंह है। जबकि मृत महिला की पहचान जामोबाजार थाना क्षेत्र के विशुनपुरा गांव निवासी अजय सिंह की पत्नी फूलमती देवी के रूप में हुई है। सभी घायलों को इलाज के लिए सदर अस्पताल लाया गया, जहां उनका इलाज कर डाक्टर ने स्थिति गंभीर को देखकर पटना रेफर कर दिया। हालांकि स्वजन घायलों को एक निजी अस्पताल में लेकर चले गए जहां उनका इलाज चल रहा था। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मामले की जांच कर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु सदर अस्पताल भेज दिया। घायलों में सिकंदर कुमार, अभिषेक कुमार, नागेंद्र सिंह, अंजलि कुमारी, संध्या कुमारी, दीपक कुमार, योगेंद्र शर्मा और शोभा देवी शामिल है। मिली जानकारी के अनुसार, दीपक कुमार दूसरे राज्य में काम करता था और वहीं एक युवती से उसका प्रेम संबंध हो गया था, लेकिन परिवार ने उसकी इच्छा के विरुद्ध गांव में उसकी शादी तय कर दी और उसे किसी बहाने से घर बुला लिया। गांव पहुंचने पर उसे मंगलवार को बरात जाने की जानकारी मिली, जिससे वह काफी नाराज हो गया। इसी बीच रविवार की रात परिवार के सदस्यों के साथ किसी बात को लेकर कहासुनी हो गई और देखते ही देखते कहासुनी हिंसक झगड़े में बदल गई। गुस्से में आकर दीपक ने घर में मौजूद लोगों पर धारदार हथियार से हमला कर दिया। इस हमले में उसकी फुआ की मौत हो गई, जबकि अन्य सदस्य गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस अधीक्षक पूरन कुमार झा ने बताया कि रविवार को जीबी नगर थाना को सूचना प्राप्त हुई कि थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम ओलीपुर में एक युवक दीपक कुमार सिंह द्वारा अपनी शादी के दौरान लड़की पक्ष को उपहार स्वरूप ज्वेलरी देने को लेकर अपने संबंधियों के साथ विवाद हो गया। विवाद के क्रम में उसने अपने ही संबंधियों पर चाकू से हमला कर दिया गया। घटना के त्वरित उद्भेदन हेतु संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए हैं।

## सीएसपी संचालक लूटकांड में शामिल तीन बदमाश गिरफ्तार

**परवेज अख्तर/सिवान।** जीबी नगर थाना की पुलिस ने सीएसपी संचालक लूटकांड में शामिल तीन बदमाशों को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार जीबी नगर थाना क्षेत्र के बहादुरपुर उसूरी निवासी प्रेम कुमार, चौकी हसन निवासी आशु कुमार व धमेंद्र कुमार उर्फ बाबा है। इनके पास से पुलिस ने एक पिस्टल, दो गोली, एक बाइक सहित एक लाख नौ हजार रुपया बरामद किया। पुलिस ने तीनों से पूछताछ के बाद जेल भेज दिया। इस संबंध में पुलिस अधीक्षक पूरन कुमार झा समाहरणालय स्थित अपने कार्यालय में आयोजित प्रेसवार्ता में बताया कि 15 अप्रैल को जीबी नगर थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम भेलपुर के समीप सीएसपी संचालक विकास कुमार सिंह उर्फ सिकू सिंह के साथ एक मोटरसाइकिल सवार तीन अज्ञात बदमाशों द्वारा हथियार का भय दिखाकर दो लाख 50 हजार की लूट की घटना की गई थी। इस संबंध में वादी के लिखित आवेदन के आधार पर धारा-309 ( 4 ) बीएनएस दर्ज कर अनुसंधान प्रारंभ किया गया। एसडीपीओ सदर वन के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया गया। जिसमें थानाध्यक्ष जीबी नगर राजेश कुमार सिंह सहित डीआइओ की टीम शामिल थी। अनुसधान के क्रम में तकनीकी साक्षय व सीसी फुटेज का अवलोकन/आसूचना संकलंन के आधार पर कांड में संलिप्त अभियुक्तों की पहचान कर प्रेम कुमार को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के निशानदेही पर दो अन्य अभियुक्त आशु कुमार एवं धमेंद्र कुमार को लूटी गई राशि एक लाख नौ हजार रुपया एवं प्रयुक्त मोटरसाइकिल के साथ गिरफ्तार किया गया। मामले में अग्रतर विधि सम्मत कार्रवाई की जा रही है। बताया कि छापेमारी टीम में थानाध्यक्ष जीबी नगर राजेश कुमार सिंह, पुअनि दुर्गा कुमारी, सिपाही शिवशंकर उरांव, बीएमपी निर्मल कुमार, चंदन कुमार, धनंजय कुमार व जिला आसूचना इकाई की टीम शामिल थी। पूरी टीम को पुरस्कृत किया जाएगा।

## कार्य में लापरवाही बरतने पर नगर थाना इंस्पेक्टर का वेतन रुका

**सिवान।** कार्य में लापरवाही बरतने पर एसपी पूरण कुमार झा ने नगर थाना इंस्पेक्टर अविनाश कुमार का वेतन रोक दिया है। इस मामले में एसपी ने बताया कि कांड के अनुसंधान में लापरवाही बरती गई है। केस को जल्द से जल्द समाप्त करने का निर्देश दिया गया था लेकिन समय सीमा के भीतर कार्य का निष्पादन नहीं किया गया। इसके बाद यह कार्रवाई की गई है। 10 दिन के भीतर अगर पुनः कार्य का निपटारा नहीं हुआ तो विभागीय कार्रवाई की जाएगी।

## लूट व डकैती की योजना बनाते चार बदमाश हथियार के साथ गिरफ्तार, एक फरार

**भगवानपुर हाट ( सिवान )।** रविवार को थाना क्षेत्र के सरहरी रेलवे अंडर पास सड़क के पास लूट एवं डकैती की योजना बनाते पुलिस ने चार बदमाशों को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार बदमाशों के पास से एक कट्टा, एक गोली , चार मोबाइल एवं बाइक बरामद किया गया है । एक बदमाश भागने में सफल रहा । गिरफ्तार बदमाशों में महमदा का अनुज कुमार , रामपुर महेश का गोलू कुमार एवं मोनू कुमार तथा गोपालगंज जिले के बरौली बलेसर गांव का मोनू कुमार है । थानाध्यक्ष आशुतोष कुमार सिंह ने बताया कि सूचना मिली थी कि किसी बड़ी घटना को अंजाम देने की योजना बनाई जा रही थी । इसके बाद छापेमारी कर चार को गिरफ्तार कर लिया गया। सभी बदमाशों को जेल भेज दिया गया।

## विशेष अभियान के तहत 24 घंटे में तीस गिरफ्तार

**सिवान।** पुलिस अधीक्षक पूरन कुमार झा के आदेश पर जिले में विशेष अभियान चलाया जा रहा है। पिछले 24 घंटे के विशेष अभियान के दौरान तीस आरोपितों को गिरफ्तार किया गया। मामले में एसपी ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि 24 घंटे में जिलांतर्गत विशेष अभियान के दौरान तीस आरोपितों को गिरफ्तार किया गया। बताया कि बदमाशों की गिरफ्तारी, शराब के सेवन, बिक्री, भंडारण, निर्माण, परिवहन आदि पर पूर्ण रूप से पाबंदी लगाने एवं देसी शराब भट्ठी ध्वस्त करने हेतु विशेष अभियान चलाया गया। इस अभियान में कुल तीस अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया। इस दौरान शराब के कांड में पांच, वारंट के कांड में सात, आर्म्स एक्ट के कांड में छह, व चोरी के कांड में दो गिरफ्तारी की गई। वहीं 116.87 लीटर देसी व विदेसी शराब जब्त की गई। जबकि 66 वारंट व एक कुर्की का निष्पादन किया गया। जबकि जिले में अपराध नियंत्रण एवं यातायात सुरक्षा के दृष्टिकोण से यातायात के उल्लंघन करने वाले वाहनों से एक लाख 11 हजार सात सौ रुपया जुर्माना की राशि वसूल की गई। बताया कि चार दो पहिया वाहन, एक कट्टा, एक गोली, दो मोबाइल सहित अन्य सामान को बरामद किया गया।

## संदेहास्पद स्थिति में होमगार्ड जवान की मौत

**परवेज अख्तर/सिवान।** गोरेयाकोठी थाना क्षेत्र के सिसई गांव में सोमवार की सुबह एक गृह रक्षक की संदेहास्पद स्थिति में मौत हो गई। मृतक की पहचान उक्त गांव निवासी मुकेश प्रसाद के पुत्र सचिन कुमार के रूप में हुई है। मृत होमगार्ड जवान के शव को पोस्टमार्टम के बाद जिला समादेष्टा कार्यालय लाया गया। जहां जवान को गार्ड आफ आनर दिया गया। मौके पर जिला समादेष्टा पदाधिकारी अविनाश कुमार सहित अन्य पदाधिकारियों ने श्रद्धांजलि दी। गार्ड आफ आनर के बाद शव को उनके पैतृक गांव भेज दिया गया, जहां अंतिम संस्कार किया गया। घटना के संबंध में स्वजनों ने बताया कि सचिन जिला समादेष्टा कार्यालय में तैनात था। रविवार की संध्या अपने दोस्तों के साथ पहलेजपुर में तिलक समारोह में शामिल होने के लिए गया था। वहां खाना खाने के बाद रात्रि तकरीबन दस बजे अपने घर लौटा और छत पर सोने चला गया। जब सुबह साढ़े पांच बजे उसे उठाने गए तो वह नहीं बोल रहा था। जिसके बाद अन्य लोग उसे उठाएं और अस्पताल पहुंचाएं। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। इधर मौत के बाद स्वजनों का रो-रो कर बुरा हाल है। बताया जाता है कि सचिन ने 20 जनवरी 2026 को जिला समादेष्टा कार्यालय में योगदान किया था और कार्यालय में ही कार्य कर रहा था। इस संबंध में जिला समादेष्टा ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है, जांच रिपोर्ट आने के बाद ही मामला स्पष्ट हो पाएगा। स्वजनों को दाह संस्कार के लिए 15 हजार रुपए उपलब्ध कराया गया है।

## पेट्रोल पंप के पास झाड़ियों में लगी आग, अग्निशमन कर्मियों की तत्परता से बड़ा हादसा टला

**दारौंदा (सिवान)।** सिवान-छपरा मुख्य मार्ग पर दारौंदा के समीप पेट्रोल पंप से पहले सड़क किनारे झाड़ियों में सोमवार को अचानक आग लग गई। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप लेना शुरू कर दिया, जिससे आसपास के लोगों और राहगीरों में अफरा-तफरी मच गई। घटना की सूचना मिलते ही अग्निशमन विभाग की टीम तत्काल मौके पर पहुंची और आग पर काबू पा लिया। आग की लपटें पेट्रोल पंप के करीब होने के कारण स्थिति काफी गंभीर हो सकती थी, लेकिन दमकल कर्मियों की तत्परता से बड़ा हादसा टल गया। इस दौरान अग्निशमन दल के चालक अजीत कुमार एवं अग्निक प्रीति कुमारी मौके पर मौजूद रहे और आग बुझाने में अहम भूमिका निभाई। आग लगने के कारणों का फिलहाल स्पष्ट पता नहीं चल पाया है। हालांकि, इस घटना में किसी प्रकार की जनहानि या बड़ी संपत्ति क्षति की सूचना नहीं है।

## आर्म्स एक्ट का फरार आरोपित गिरफ्तार , जेल

**भगवानपुर हाट ( सिवान )।** थाना क्षेत्र के सराय पड़ौली गांव में मोबाइल नंबर देने से इन्कार करने पर गांव की एक युवती को चाकू मारने तथा गांव में दहशत कायम करने के उद्देश्य से हथियार लहराने के आरोप में 10 माह से फरार चल रहे एक आरोपित को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार आरोपित सराय पड़ौली गांव का रिशु राम बताया जाता है । थानाध्यक्ष आशुतोष कुमार सिंह ने बताया कि इस मामले में भगवानपुर हाट थाना कांड संख्या 296 / 025 दर्ज है । जिसमें तीन लोगों पर युवती को चाकू मारने एवं हथियार लहराकर गांव में दहशत फैलाने का आरोप था । उन्होंने बताया दो आरोपित जमानत पर हैं ।

## झझौर गोली कांड में चार आरोपित गिरफ्तार, एक फरार

गुठनी( सिवान )। गुठनी थाना क्षेत्र के झझौर गांव में रुपये के लेन-देन के विवाद में हुई फायरिंग मामले में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए चार नामजद आरोपितों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है, जबकि एक आरोपित अब भी फरार है। बताया जाता है कि 18 अप्रैल की रात करीब नौ बजे रुपये के विवाद को लेकर दो पक्षों में विवाद हो गया था। इसमें एक पक्ष से कुछ लोगों ने अमरेंद्र सिंह को पैर में गोली मार कर घायल कर दिया था। पीड़ित के आवेदन पर गुठनी थाना में कांड संख्या 135/26 दर्ज कर संजीव मांझी, जंगली मांझी, दीपक मांझी, सत्यप्रकाश समेत पांच लोगों को नामजद किया गया है। थानाध्यक्ष सुनील कुमार के नेतृत्व में पुलिस टीम एसआई निरंजन कुमार, मो. मशरूर आलम, एएसआई रंजीत कुमार व रीता देवी ने छापेमारी कर चार आरोपितों को दबोच लिया। सभी को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। पुलिस फरार आरोपित की गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी कर रही है।

## आसमान से तेज धमाके की आवाज ने सबको चौंकाया

मैरवा( सिवान )। आसमान से धमाके की तेज आवाज ने सबको चौंका दिया।सोमवार को करीब 10 बजे दिन में हुई जोरदार आवाज से मकान तो दहल ही गए बल्कि जिसने सुना उसके दिल भी कांप गए।लोगों ने पहले इसे खुद समझने की कोशिश की और अपने अपने तरीके और समझ के मुताबिक कयास लगाया।किसी ने फारिंग तो कोई बम की आवाज समझ बैठा।कोई ट्रांसफार्मर ब्लास्ट होने तो कोई बायलर फटने की आवाज समझ बैठा।लेकिन बाद में इस को लेकर और जानकारी जुटाने के लिए लोग एक दुसरे को फोन करने लगे।लोग यह जानने का प्रयास कर रहे थे की आखिर यह धमाका कैसा था।फिलहाल बीस किलोमीटर की परिधि में अज्ञात तेज धमाके की शोर सुने जाने की पुष्टि हुई है। मैरवा गुठनी नौतन दरौली जीरादेई और उत्तर प्रदेश के देवरिया जिले के सीमावर्ती क्षेत्रों में भवन को थर्रा देने वाला जोरदार धमाके की आवाज लोगों ने सुना।उत्तर प्रदेश के सीमावर्ती बनकटा थाना की पुलिस ने धमाके को लेकर जानकारी के लिए मैरवा थाने को फोन की। लेकिन धमाके की आवाज सुने जाने की पुष्टि के अतिरिक्त कोई जानकारी नही मिली। उधर आवाज कैसी थी ,यह स्पष्ट नही होने से लोगों में डर का माहौल भी रहा। जानकारी लेने की कोशिश में लोग घंटो परेशान रहे।जेट फाइटर से निकली आवाज का अनुमान भी लगाया जाता रहा।

## दुकानदार को चाकू मार किया घायल

**बड़हरिया ( सिवान )।** थाना क्षेत्र के माधोपुर में सोमवार की दोपहर बदमाशों ने एक दुकानदार को पेट में चाकू मार कर घायल कर दिया। घायल दुकानदार को ग्रामीणों द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बड़हरिया लाया गया, जहां इलाज चल रहा है। घायल व्यक्ति माधोपुर निवासी जाकिर मियां बताया जाता है। जानकारी के अनुसार जाकिर मियां माधोपुर काली स्थान के समीप अपनी दुकान में था, तब तक दो की संख्या में अचानक बदमाश पहुंचे और कोई सामान खरीदने के बहाने जाकिर से विवाद करने लगे। इसी बीच एक बदमाश ने चाकू से जाकिर के पेट में वार कर उसे घायल कर दिया और दोनों बदमाश फरार हो गए। चाकू लगने के बाद आसपास के दुकानदार सहम गए और अपनी दुकान बंद कर घर चले गए। वहीं सूचना पर अस्पताल पहुंची पुलिस मामले की जांच में जुट गई थी।

## विद्यालय का तोड़ अज्ञातचोरों ने की चोरी

भगवानपुर हाट ( सिवान )। थाना क्षेत्र के मध्य विद्यालय पंडित के रामपुर में अज्ञात चोरो ने कमरा का ताला तोड़कर उसमे रखे कीमती समान में टैब, बाध्य यंत्र सहित अन्य समान की चोरी कर ली। प्रधानाध्यापक मोहन मिश्र ने बताया की सोमवार की सुबह में जब विद्यालय पहुंच ताला खोला गया और परिसर के स्थित मध्य विद्यालय के कमरा का ताला टूटा देखा। कमरा की तालाशी ली गई तों उसमे रखे कीमती बाध्य यंत्र, तों बच्चों और शिक्षक की हाजिरी बनाने के लिए मिले टैब, दो पंखा की चोरी कर ली गई थी। इसके पूर्व भी विद्यालय में चोरी की घटना हो चुकी है । इसी तरह से उत्क्रमित मध्य विद्यालय लहुरी कौड़ियां में चोरों ने पानी के मोटर की चोरी कर ली है । प्रधानाध्यापक बृज कुमार यादव ने थाना में आवेदन देकर पुलिस को सूचित किया है।

## गोपालगंज में बैंक से लौट रही वृद्ध महिला की मौतमंथली पेंशन की जानकारी करने गई थीं

**गोपालगंज,एजेंसी।** गोपालगंज में एक सड़क हादसे में एक वृद्ध महिला की मौत हो गई। बरौली थाना क्षेत्र के बरौली सलेमपुर बाजार के पास एक तेज रफ्तार बाइक ने उन्हें टक्कर मार दी। महिला बैंक से पेंशन संबंधी कार्य निपटाकर घर लौट रही थीं। मृतका की पहचान बरौली थाना क्षेत्र के सलेमपुर गांव निवासी स्व. ननद लाल बैठा की पत्नी रस्मुनिया देवी के रूप में की गई है। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए मॉडल अस्पताल भेजकर मामले की जांच शुरू कर दी है।पैदल ही घर जा रही थीं : जानकारी के अनुसार, रस्मुनिया देवी अपनी मासिक पेंशन की जानकारी लेने और बैंक संबंधी अन्य कार्य पूरे करने के लिए बरौली बैंक शाखा गई थीं। बैंक का काम निपटाने के बाद वह पैदल ही सड़क के किनारे अपने घर की ओर लौट रही थीं। इसी दौरान, विपरीत दिशा से आ रही एक अनियंत्रित और तेज रफ्तार मोटरसाइकिल ने उन्हें अपनी चपेट में ले लिया। टक्कर इतनी भीषण थी कि महिला सड़क पर दूर जा गिरीं और उनके सिर में गंभीर चोटें आईं।परिजनों ने पहुंचाया अस्पताल : हादसे की खबर मिलते ही परिजन तुरंत मौके पर पहुंचे और घायल महिला को तत्काल बरौली प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ले गए। वहां प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें बेहतर इलाज के लिए मॉडल अस्पताल रेफर कर दिया गया। हालांकि, मॉडल अस्पताल पहुंचने पर डॉक्टरों ने जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया।

# सामूहिक उपनयन संस्कार में 51 बटुको ने एक साथ किया जनेऊ धारण



**दैनिक खोज खबर/भेल्दी(सारण)।** गड़खा प्रखण्ड के मां सती अनुसुईया कोल्ड स्टोरेज की पावन धरती पर सोमवार को सनातन धर्म की गौरवशाली परंपरा को सजीव करते हुए अखिल भारतीय सारण जिला ब्राह्मण महासभा के द्वारा एक भव्य एवं ऐतिहासिक सामूहिक उपनयन (यज्ञोपवीत) संस्कार का आयोजन अत्यंत श्रद्धा, अनुशासन एवं वैदिक विधि-विधान के साथ संपन्न हुआ। इस महायज्ञोपवीत संस्कार में विभिन्न शहरों एवं नगरों से आए 51 बटुकों ने एक साथ जनेऊ धारण कर ब्रह्मचर्य आश्रम में विधिवत प्रवेश किया।पिछ्ले तीन दिनों से ही कार्यक्रम स्थल पर धार्मिक उत्साह, भक्ति और संस्कारों की अनूठी छटा देखने को मिली। परिसर को ध्वज, पताका, तोरण द्वार एवं पुष्प सज्जा से भव्य रूप से सजाया गया था। वैदिक आचार्यों एवं विद्वान पंडितों के सान्निध्य में मंगलाचरण, गणेश पूजन, मातृका पूजन, नवग्रह पूजन, एवं हवन के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ।पूरे आयोजन के दौरान ऋग्वेद, यजुर्वेद एवं सामवेद के पवित्र मंत्रों का उच्चारण किया गया। शंखध्वनि, घंटानाद और हवन की सुगंध से वातावरण पूर्णतः आध्यात्मिक एवं दिव्य ऊर्जा से परिपूर्ण हो गया।

आचार्यों द्वारा बटुकों को यज्ञोपवीत धारण की विधि, आचमन, संध्या-वंदन, एवं गायत्री मंत्र जप का विशेष प्रशिक्षण दिया गया। प्रत्येक बटुक को यह बताया गया कि यज्ञोपवीत केवल एक धागा नहीं, बल्कि जीवन में कर्तव्य, अनुशासन और आत्मसंयम का प्रतीक है।

उपनयन संस्कार का महत्व बताया गया इस अवसर पर विद्वान आचार्यों एवं धर्माचार्यों ने अपने उद्बोधन में कहा कि–÷उपनयन संस्कार व्यक्ति के जीवन का द्वितीय जन्म है, जहां से वह ज्ञान, तप, और सदाचार के मार्ग पर अग्रसर होता है। उन्होंने बताया कि यह संस्कार बालक को विद्या ग्रहण, गुरु सेवा, एवं आत्मविकास की दिशा में प्रेरित करता है। साथ ही उन्होंने वर्तमान समय में इस प्रकार के सामूहिक आयोजनों की आवश्यकता पर बल दिया, जिससे समाज में संस्कार, संस्कृति एवं नैतिक मूल्यों का संरक्षण हो सके। कार्यक्रम में अनेक गणमान्य अतिथि, राजद प्रवक्ता मृतुन्जय तिवारी एमएलसी प्रत्याशी सुधांशु रंजन एव पुष्कर आनंद, लोक अभियोजक सर्वजीत ओझा गरखा प्रखंड विकाश पदाधिकारी गोपाल जी तिवारी जिला अध्यक्ष विवेकानंद तिवारी नंदकिशोर तिवारी तारकेश्वर पांडेय एमपी सिंह इं प्रमोद कुमार रविंद्र पांडेय रामाधार पांडेय अखिलेश्वर पाठक, तरूण तिवारी, उपेंद्र उपाध्याय, प्रियदर्शी संतोष, शिवशंकर ओझा सदानंद द्विज समाजसेवी, विद्वान एवं धर्मप्रेमी उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि ने अपने संबोधन में कहा कि–÷ऐसे सामूहिक संस्कार समाज को एक सूत्र में बांधने का कार्य करते हैं और नई पीढ़ी को अपनी जड़ों से जोड़ते हैं। उन्होंने आयोजक मंडल के प्रयासों की सराहना करते हुए इसे समाज के लिए प्रेरणादायक पहल बताया। कार्यक्रम के समापन पर भंडारा (प्रसाद वितरण) का आयोजन किया गया, जिसमें हजारों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। सेवा कार्य में लगे स्वयंसेवकों ने अत्यंत समर्पण भाव से व्यवस्था को सफल बनाया यह भव्य आयोजन केवल एक धार्मिक कार्यक्रम नहीं, बल्कि सनातन संस्कृति के पुनर्जागरण का जीवंत उदाहरण बनकर उभरा। सामूहिक उपनयन संस्कार ने यह संदेश दिया कि आधुनिक युग में भी संस्कार, परंपरा और आध्यात्मिकता का महत्व अटूट है। इस दिव्य आयोजन ने समाज में एक नई चेतना का संचार किया और यह सिद्ध किया कि जब समाज एकजुट होकर आगे बढ़ता है, तो संस्कृति और संस्कारों की धारा सदैव प्रवाहित रहती है।

## सारण जिला ब्राह्मण महासभा के जिला मुख्य सचिव बने जितेन्द्र मिश्रा



**दैनिक खोज खबर/गड़खा (सारण)।** सारण जिला ब्राह्मण महासभा द्वारा आयोजित सामूहिक उपनयन संस्कार में जिला संगठन का विस्तार किया गया जिसमें धनौरा निवासी एवं समाजिक कार्यकर्ता जितेन्द्र कुमार मिश्रा को जिला के मुख्य सचिव के रूप में चयनित किया गया। इस उपनयन संस्कार में जिला के दर्जनों बालकों का उपनयन संस्कार पुर्ण विधि विधान के साथ संगठन की ओर से सम्पन्न हुआ। जिले के गरखा प्रखंड मां सती अनुसुइया कोल्ड स्टोर में संघ के वर्तमान अध्यक्ष विवेकानंद तिवारी एवं कार्यकारी अध्यक्ष नंदकिशोर तिवारी के नेतृत्व में यह कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुआ जिसमें विभिन्न दलों के जनप्रतिनिधियों के साथ समाजिक एवं संगठन से जुड़े पदाधिकारियों ने भाग लिया।

## होमियो चिकित्सक डॉ. अवध किशोर पांडेय हुए सम्मानित




**नित्यानंद/दरियापुर (सारण)।** डॉ. अवध किशोर पांडेय की होमियो चिकित्सा पद्धति की स्वीकार्यता का ग्राफ इस कदर बढ़ा है कि अब डॉक्टर की क्षेत्र में चर्चा ही नही, बल्कि स्थापित मंचों से सम्मान भी मिल रहा है। बीते 10, 11 और 12 अप्रैल को डॉ. पांडेय विश्वप्रसिद्ध ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी के मंच से सम्मान प्राप्त किए। बताया जा रहा है कि डॉ. पांडेय का संस्थान सारण जिले के दरियापुर में आरोग्य होमियो क्लिनिक आज केवल एक दवाखाना नहीं, बल्कि सैकड़ों परिवारों के लिए उम्मीद का मंदिर बन चुका है। अपनी सूक्ष्म चिकित्सा और वर्षों के शोध से डॉ. पांडेय ने यह साबित कर दिया है कि होम्योपैथी में हर बीमारी का जड़ से इलाज संभव है। आज इस क्लिनिक में उन बीमारियों का सफल उपचार हो रहा है जिन्हें दुनिया असाध्य मानती है। डॉ. अवध किशोर पांडेय की उपलब्धि पर स्थानीय मुखिया प्रतिनिधि सुभाष पांडेय ने बधाई दी हैं।

## गुमटी का ताला काटकर डेढ़ लाख रुपये की सामान चोरी

**हुसैनगंज(सिवान)।** थाना क्षेत्र के प्रतापपुर-हबीबनगर नहर चौराहा स्थित एक गुमटी का ताला तोड़कर 16 अप्रैल की रात अज्ञात चोरों द्वारा लगभग डेढ़ लाख रुपये का क़ीमती सामानों की चोरी कर लेने का मामला प्रकाश में आया है। इस संबंध में पीड़ित दुकानदार प्रतापपुर निवासी अच्छेलाल साह ने थाने में आवेदन देते हुए कहा है कि 16 अप्रैल की रात्रि अज्ञात चोरों ने गुमटी ताला काटकर दुकान में रखे लगभग डेढ़ लाख रुपए के सभी महंगे सामानों की चोरी कर ली। इसके बाद सूचना पर पहुंची डायल 112 की टीम को घटनास्थल से ताला काटने का औजार भी बरामद किया। अपर थानाध्यक्ष अमान अशरफ ने बताया कि इस संदर्भ में पीड़ित के आवेदन पर अज्ञात चोरों पर प्राथमिकी कर छानबीन की जा रही है।

## लूट का विरोध करने पर महिला की चाकू मारकर हत्या, गांव में दहशत

**परवेज अख्तर/सिवान।** बड़हरिया थाना क्षेत्र के हथीगाही पंचायत अंतर्गत पकवालिया गांव में रविवार रात करीब नौ बजे अज्ञात नकाबपोश बदमाशों ने लूटपाट के दौरान विरोध करने पर 35 वर्षीय महिला की चाकू मारकर हत्या कर दी। मृतका की पहचान अमर सिंह की पत्नी कलावती देवी के रूप में हुई है। घटना की सूचना मिलते ही पूरे गांव में दहशत का माहौल कायम हो गया। स्थानीय मुखिया नंदजी सिंह द्वारा सूचना दिए जाने पर थानाध्यक्ष छोटन कुमार पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया। सोमवार की सुबह पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार, कलावती देवी रविवार रात गेहूं की कटाई के बाद स्नान करने जा रही थीं। इसी दौरान बाइक सवार तीन नकाबपोश बदमाश पहुंचे, जिनमें से दो घर के अंदर घुस गए और पास में रखा रुपये का पर्स व गले की चेन लेकर भागने लगे। विरोध करते हुए कलावती देवी ने डंडा लेकर उनका पीछा किया और घर के बाहर सड़क तक पहुंचकर एक बदमाश को पकड़ लिया। इसी दौरान अन्य बदमाशों ने उन पर चाकू से गर्दन और सीने पर हमला कर दिया, जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई। बताया जाता है कि कलावती देवी के पति का एक वर्ष पूर्व बीमारी से निधन हो चुका था। वह अपनी चार बेटियों और एक बेटे के साथ खेती-बाड़ी कर परिवार का भरण-पोषण कर रही थीं। सूत्रों के अनुसार, इस घटना में किसी नजदीकी रिश्तेदार की संलिप्तता की आशंका भी जताई जा रही है।

## औरंगाबाद में युवक की ट्रेन से कट कर मौत :रेलवे ट्रैक पर मिला शव 40 मीटर दूर पड़ा था कटा सिर

**औरंगाबाद,एजेंसी।** औरंगाबाद के नवीनगर थाना क्षेत्र में एक युवक की ट्रेन से कटकर मौत हो गई है। मृतक की पहचान थाना क्षेत्र के महुअरी बांध गांव निवासी अजय चौहान के 20 साल के बेटे विशाल कुमार के रूप में की गई है। शनिवार की रात विशाल ने रेलवे ट्रैक पर जाकर ट्रेन से कटकर आत्महत्या कर ली। इस घटना की सूचना सबसे पहले रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) की ओर से नवीनगर थाना पुलिस को दी गई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। 40 मीटर दूर मिला युवक का कटा हुआ सर : पुलिस के अनुसार, युवक का शव दो हिस्सों में बरामद हुआ। उसका धड़ रेलवे ट्रैक पर मिला, जबकि सिर करीब 40 मीटर दूर पश्चिम दिशा में खेत से बरामद किया गया। इस भयावह दृश्य को देखकर स्थानीय लोग भी सन्न रह गए। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और बाद में परिजनों को सौंप दिया। विशाल कुमार ने आईपीएल के एक मैच में सट्टा लगाया था। यह मैच हैदराबाद के राजीव गांधी इंटरनेशनल स्टेडियम में चेन्नई सुपर किंग्स और सनराइजर्स हैदराबाद के बीच खेला गया था। घटना की सूचना मिलते ही परिजन अस्पताल पहुंचे। पुलिस भी मामले की जानकारी जुटाने में लगी हुई है। प्रारंभिक जांच में तेज रफ्तार और वाहन पर नियंत्रण खोना हादसे का कारण माना जा रहा है। विशाल ने चेन्नई सुपर किंग्स की टीम पर दांव लगाया था, लेकिन मैच में टीम की हार हो गई। इसी से आहत होकर उसने यह आत्मघाती कदम उठा लिया। इसके अलावा पहले भी कई ऑनलाइन गेम में वह काफी रुपए हार चुका था। भाई ने जताई हत्या की आशंका : हालांकि, इस मामले में कई सवाल भी उठ रहे हैं। मृतक के भाई इस घटना को आत्महत्या नहीं, बल्कि हत्या बता रहे हैं। उनका कहना है कि मामले की निष्पक्ष जांच होनी चाहिए। नवीनगर थानाध्यक्ष मृत्युंजय कुमार उपाध्याय ने बताया कि अभी तक परिजनों की ओर से कोई लिखित आवेदन नहीं दिया गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही स्पष्ट हो पाएगा कि यह आत्महत्या है या हत्या।

